एक कदम स्वच्छता की ओर

# स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) उत्तर प्रदेश



नगर की खबर
नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश
2023

# स्वच्छता टाइम्स

अंक 4 दिनांक: 14 जनवरी 2023



**श्री ए० के० शर्मा**
**माननीय नगर विकास मंत्री**

**माननीय** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्ग दर्शन एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के मजबूत नेतृत्व में नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश के नगरीय क्षेत्र की तस्वीर बदलने के कार्य में निरंतर तत्पर है। विभाग द्वारा स्वच्छता के प्रति समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक करने के लिए समय-समय पर विभिन्न अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इन अभियानों के माध्यम से जनभागीदारी सुनिश्चित कर स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। घर-घर कचरा उठान के बाद अब आम जन को कचरा पृथक्कीकरण के प्रति जागरूक करने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हमारा फोकस अपशिष्ट के समुचित निस्तारण पर है। विभाग द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ ढाबा अभियान उस दिशा में एक छोटा सा प्रयास है। हमें जन-जन को कचरा निस्तारण के प्रति जागरूक कर धरती को कचरे के बोझ से बचाना है।

## 'यूपी जी सिटीज' से बदलेगी तस्वीर








**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने नगरीय व्यवस्था को वैश्विक स्टैण्डर्ड का बनाने के लिए सात जनवरी को जल निगम के ट्रांजिट हास्टल 'संगम' में 100 दिवसीय 'उ.प्र. वैश्विक नगर' (यूपी जी सिटीज) अभियान की राज्यव्यापी शुरुआत की। इस अभियान के तहत प्रदेश के 762 नगरीय निकायों में बेहतर साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, सुन्दरीकरण और मार्गों पर पर्याप्त साइनेज लगाने के साथ ही वायु की गुणवत्ता में सुधार आदि के लिए कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर माननीय मंत्री ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि हमारे प्रदेश के चार नगर लखनऊ, आगरा, वाराणसी, नोएडा को विश्व के समृद्ध राष्ट्रों की मेजबानी का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि हमारे शहरों की व्यवस्था वैश्विक स्तर की दिखे, जिससे विश्व पटल पर हम अपने प्रदेश की एक खूबसूरत छवि पेश कर सकें। इसके लिए जनभागीदारी से स्वच्छता के कार्यों को आगे बढ़ाना है। प्रदेश को स्वच्छ एवं उन्नत बनाना है।

## निराश्रितों का आश्रय बने रैन बसेरा



**भीषण** ठंड एवं शीतलहर के प्रकोप से निराश्रितों को बचाने के लिए नगर विकास विभाग प्रतिबद्ध है। माननीय मंत्री श्री ए.के. शर्मा के दिशा-निर्देशन में प्रदेश भर के सभी नगरीय निकायों में अस्थायी रैन बसेरों एवं अलाव की व्यवस्था विभाग द्वारा सुनिश्चित की गई है। माननीय मंत्री जी द्वारा व्यवस्था परखने के लिए रैन बसेरों का औचक निरीक्षण करने के साथ ही राजधानी लखनऊ के विभिन्न चौराहों पर अलाव व्यवस्था का भी जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीषण ठंड और शीतलहर से किसी को भी परेशानी न हो, खुले में रात गुजारने को कोई मजबूर न हो और अलाव जलाने की भी पर्याप्त व्यवस्था हो। उन्होंने नगर निगमों और निकायों में फोन से वार्ता कर निराश्रितों के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। लगातार बढ़ रहे शीतलहर के प्रकोप के बीच निदेशक स्थानीय निकाय, श्रीमती नेहा शर्मा ने तेलीबाग स्थित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रैन बसेरा में मौजूद लोगों से सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही अधिकारियों को रैन बसेरा में स्वच्छता बनाए रखने के साथ ही किसी भी जरूरतमंद को आधार कार्ड न होने के चलते रैन बसेरे की सुविधा से वंचित न करने के निर्देश दिए।







## अलीगढ़ में आवारा कुत्तों के लिए डॉग पैराडाइज

**नगर निगम अलीगढ़** ने सड़क पर घूमने वाले आवारा कुत्तों के लिए डॉग पैराडाइज (रैन बसेरा) तैयार किया है। जहां कुत्तों के सोने के लिए मुयालम गद्दे के साथ ही मखमली कंबल का इंतजाम है। पानी के साथ ही खाने में बिस्किट और ब्रेड रखा गया है। वहीं, उनकी सुरक्षा में एक चौकीदार को भी तैनात किया गया है।

**गाड़ी के पीछे भौके, तो आया आइडिया:** स्ट्रीट डॉग्स के लिए डॉग पैराडाइज बनाने की पहल नगर आयुक्त अमित आसेरी ने की है। नगर आयुक्त ने बताया कि एक दिन वह रात को शहर में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए निकले थे। इस दौरान कुछ स्ट्रीट डॉग्स उनकी गाड़ी के पीछे दौड़े। सर्द रात में कुत्तों के पास कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं था। नगर आयुक्त ने यह भी देखा कि नगर निगम के अलाव के पास डॉग्स झुंड बनाकर बैठे हैं। जिससे कि सर्दी से बच सकें। जिसके बाद उन्होंने डॉग पैराडाइज बनाने का मन बना लिया। समाजसेवी संस्था जीव दया फाउंडेशन के साथ मिलकर उन्होंने यह डॉग पैराडाइज तैयार किया है। क्वार्सी थाने के कुछ ही दूरी पर डॉग्स पैराडाइज में डॉग्स की सुविधा का पूरा ख्याल रखा गया है। उनके लिए बेड और कंबल की भी व्यवस्था की गई है। इसके साथ रात में उनके लिए पानी भी रखा गया है। जबकि दिन में भी उनके खाने पीने का ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि खराब टायरों को सुंदर बनाकर डॉग्स के बैठने के लिए तैयार किया गया है।

नगर निगम के मीडिया प्रभारी ने बताया डॉग्स पैराडाइज के बाहर एक चौकीदार की भी तैनाती की गई है। जो रात में यहां पर रुक कर उनकी सुविधाओं का ध्यान रखेगा। उसे रात में डॉग्स के लिए पानी की व्यवस्था करने और खुले में घूम रहे डॉग्स को पैराडाइज के अंदर लाकर सुलाने की जिम्मेदारी दी गई है। जिससे सर्दियों की रात में स्ट्रीट डॉग्स को सुरक्षित रखा जा सके। डॉग्स के सोने के लिए डॉग पैराडाइज के अंदर रंग-बिरंगे और सुंदर बिस्तर भी तैयार किए गए हैं। इन्हें टूटे ड्रम, खराब टायर और खराब हो चुके सामान से तैयार किया गया है। इन्हें रंग बिरंगे पेंट से रंग कर और सुंदर बनाया गया है। जिससे सड़क पर घूमने वाले डॉग्स यहां पर आकर पूरी सुविधा के साथ आराम कर सकें। उनके लिए सुबह शाम यहां पर खाने की व्यवस्था भी की गई है। जिसकी जिम्मेदारी संस्था ने ली है। इसके साथ आमजन भी यहां पर आकर डॉग्स को भोजन करा सकते हैं।

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर | स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 | G20

# नगर की खबर

# 'अतिथि देवो भव' की भावना से होगा स्वागत



श्री अमृत अभिजात
प्रमुख सचिव नगर विकास

स्वच्छता को लेकर उत्तर प्रदेश के संपूर्ण नगरीय क्षेत्र में सफाई कार्य जारी है। नगरीय निकायों में सफाई मित्र विपरीत मौसमी परिस्थितियों के बावजूद अपने कर्तव्य पथ पर डटे हुए हैं। धरातल पर स्वच्छता नजर आने लगी है। उत्तर प्रदेश बदलाव का साक्षी बन रहा है। घर-घर कचरा उठान से नगरीय शोभा बढ़ी है। निकाय कचरे के ढेरों से मुक्त हुए हैं। विभाग द्वारा चलाए जाने वाले विभिन्न जागरूकता अभियानों का असर भी आमजन पर नजर आने लगा है। लोग अपने घरों में गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्र कर रहे हैं। जिससे कचरे का समुचित निस्तारण आसानी से संभव हो रहा है। वहीं दूसरी ओर स्वच्छता को जन-जन की आदत बनाने लिए विभाग द्वारा समय-समय पर विभिन्न अभियान भी चलाए जाते हैं। स्वच्छ ढाबा, स्वच्छ विरासत एवं स्वच्छ त्यौहार जैसे अभियान उत्तर प्रदेश के नगरीय परिदृश्य को बदलने में काफी हद तक सफल रहे हैं। स्वच्छता संबंधी कोई भी प्रकरण संज्ञान आने पर उसका निस्तारण निकाय स्तर पर ही सुनिश्चित हो रहा है।



श्रीमती नेहा शर्मा
निदेशक, स्थानीय निकाय

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए नगर विकास विभाग निरंतर अग्रसर है। 'स्वच्छ विरासत' एवं 'स्वच्छ ढाबा' जैसे अभियान स्वच्छता को धरातल पर उतारने की दिशा में एक अभिनव प्रयास है। इसी तरह विभिन्न अवसरों पर विभाग द्वारा चलाए गए अभियानों के फलस्वरूप आम जनमानस में स्वच्छता के प्रति काफी जागरूकता आई है। लेकिन हमें यहीं नहीं रुकना है, हमें स्वच्छता की यह मशाल जलाए रखनी है। उत्तर प्रदेश को दुनिया का सबसे सुंदर एवं व्यवस्थित प्रदेश बनाना है। अपने नगरों में हमें वैश्विक स्तर की सुविधाएं जन-जन तक पहुंचानी हैं। मुझे आशा है जनभागीदारी से हम अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त करेंगे। फिलहाल उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाली जी-20 की बैठकों में शामिल होने आ रहे विदेश मेहमानों के समक्ष हमें यूपी की उत्कृष्ट तस्वीर पेश करनी है। जनभागीदारी से हमें अपने नगरों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाकर दुनिया के सामने मिसाल पेश करनी है। विश्व पटल पर स्वच्छ, सुंदर एवं मनोरम उत्तर प्रदेश को रेखांकित करना है।

## जी-20 सम्मेलन

प्रदेश के माननीय नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री एके शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व की 85 प्रतिशत अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करने वाले समृद्ध देशों के संगठन जी-20 की इस वर्ष 01 दिसम्बर, 2022 से एक वर्ष की अध्यक्षता कर रहा है। इस दौरान पूरे देश के विभिन्न शहरों में इन देशों के साथ 255 से अधिक बैठकों का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश के भी 04 शहरों में आगरा, लखनऊ, वाराणसी तथा ग्रेटर नोएडा में जी-20 की विभिन्न विषयों पर 11 बैठकें आयोजित की जायेगीं। जिसकी शुरूआत अगले माह 11-12 फरवरी को आगरा तथा 13-15 फरवरी को लखनऊ से होगी। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व करने का समय है कि हमारा प्रदेश विश्व के समृद्ध देशों से आये विदेशी मेहमानों का स्वागत 'अतिथि देवो भवः' की अपनी मूल संस्कृति की भावना से करने के लिए व्यापक तैयारी कर रहा है। इसके लिए शहरों का कायाकल्प कर सजाया जा रहा है और वहां की व्यवस्था को वैश्विक मापदण्डों के अनुरूप बनाया जा रहा है। यह समय प्रदेश की सांस्कृतिक विविधताओं, विरासतों, ऐतिहासिक व पर्यटक स्थलों/स्मारकों की भव्यता को विश्व समक्ष प्रस्तुत करने का बेहतर अवसर है। इससे प्रदेश की 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को बनाने में भी मदद मिलेगी।नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने मीडिया सेन्टर, लोकभवन में आयोजित प्रेसवार्ता में मीडिया को जी-20 की बैठकों के संबंध में प्रदेश में की जा रही तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रदेश की पहचान बनाने के लिए यहां की नगरीय सुविधाएं भी वैश्विक मापदण्डों की हों। इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने 28 दिसम्बर को निर्देश दे चुके हैं। मैं भी स्वयं नगर विकास मंत्री तथा प्रमुख सचिव, नगर विकास के स्तर से लगातार कार्यों की मॉनीटरिंग की जा रही है। स्थानीय स्तर पर भी मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त द्वारा कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। इन सभी कार्यों में जनभागीदारी भी बढ़ाने का भी प्रयास किया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप नगरों को गौरवशाली बनाने, इनका शुसोभन, सौन्दर्यीकरण एवं स्वच्छता का वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश की सभी 762 निकायों में यूपी जी-सिटीज का 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैठकों के दौरान प्रदेश में आने वाले विदेशी मेहमान पर्यटन, धार्मिक व व्यावसायिक दृष्टि से प्रदेश में कहीं पर भी जा सकता है। उन्होंने प्रदेश के आमजनमानस से भी नगरों को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाकर विदेशी मेहमानों का स्वागत करने की अपील की है।






प्रेसवार्ता में सचिव नगर विकास श्री रंजन कुमार, मण्डलायुक्त श्रीमती रोशन जेकब, निदेशक सूचना श्री शिशिर, विशेष सचिव डी.पी. सिंह मौजूद थे।

# संगम में आस्था के साथ लग रही स्वच्छता की डुबकी




**तीर्थराज** प्रयाग स्थित संगम तट पर पौष पूर्णिमा के साथ ही माघ मेला की शुरूआत हो गई है। माननीय मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी के दिशा-निर्देशन में मेला में आने वाले श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों, कल्पवासियों, साधु-संतों के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। मेला स्थल में स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया है। शौचालयों की नियमित रुप से सफाई, घाटों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रुम बनाए गए हैं। स्नानार्थियों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए पानी में बैरिकेटिंग लगाने के साथ ही गोताखोरों एवं जल पुलिस की पर्याप्त तैनाती की गई है।

नगर विकास मंत्री जी ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा की चुस्त-दूरुस्त व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि मेले में काफी संख्या में श्रद्धालु आएंगे, इसके दृष्टिगत उसी के अनुरुप सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखी जाये। उन्होंने पाण्टून पुलों एवं नावों का नियमित रुप से अनुश्रवण करते रहने के निर्देश दिए तथा पूरा मेला क्षेत्र में 24 घण्टे निर्बाध रुप से विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रुप से बनाये रखने के लिए कहा । मेला क्षेत्र में बनाये गये शौचालयों की नियमित रुप से सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। मंत्री जी ने संगम क्षेत्र में फ्लोटिंग नाव से संगम क्षेत्र में निरंतर जल की सफाई करते रहने के लिए कहा है।





# प्लास्टिक मुक्त संपन्न हुआ खिचड़ी मेला





**गोरखपुर** स्थित गोरखनाथ मंदिर में प्रसिद्ध 'खिचड़ी मेला' स्वच्छता के साथ संपन्न हुआ। पर्व के दौरान नगर निगम की टीम मुस्तैद रही। स्वच्छता को लेकर नगर निगम की ओर पुख्ता इंतजाम किए गए। इतने विशाल समारोह को जीरो वेस्ट एवं पॉलिथिन मुक्त संपन्न कराने के लिए थैला बैंक की स्थापना करते हुए पर्याप्त मात्रा में कागज एवं कपड़े के थैलों की व्यवस्था की गई। जानकारी के अभाव में जिन श्रद्धालुओं ने पालीथीन में खिचड़ी लाये थे उन्हें कागज या कपड़े के झोले उपलब्ध कराए गए। नगर निगम द्वारा लोगों को स्वच्छता के साथ-साथ सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने को लेकर जागरूक भी किया गया। सूखे एवं गीले कचरे को एकत्र करने के लिए जगह-जगह हरे एवं नीले डस्टबिन रखवाए गए। संपूर्ण मेला क्षेत्र में 150 से अधिक सफाई कर्मी एवं 25 से अधिक अधिकारी सफाई की निरंतर निगरानी के लिए लगाए गए। गौरतलब है कि गोरखनाथ मंदिर में प्रति वर्ष लगने वाले खिचड़ी मेला में देश भर के साथ नेपाल के लाखों भक्त खिचड़ी का दान करने पहुंचते हैं।

# जी-20 के लिए सजेगी ताजनगरी




**आगरा** में होने वाले जी-20 सम्मलेन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में प्रमुख सचिव, नगर विकास अमृत अभिजात ने ताजनगरी को सजाने-संवारने निर्देश दिए। 11 से 13 फरवरी के मध्य जी-20 देशों के प्रतिनिधिमण्डल के दौरे को लेकर उन्होंने प्रतिनिधिमण्डल के आगमन के सम्भावित मार्ग को वैश्विक स्तर का बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

**उन्होंने** कहा कि चौराहों की सुंदरता बढ़ाने के लिए आकर्षक वाल पेंटिंग की जाए। बैठक में आगरा विकास प्राधिकरण, नगर-निगम, पर्यटन, संस्कृति, लोक निर्माण, मेट्रो रेल परियोजना, सेतु निगम, सूचना, कैंटोनमेंट बोर्ड, पुलिस प्रशासन व उद्यान विभाग के अधिकारी शामिल रहे। बैठक में तय हुआ कि तैयारियों के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से एक टीम बनाकर कोलकाता व उदयपुर जाकर जी-20 देशों के प्रतिनिधिमण्डल के दौरे के लिए वहां की तैयारियों का अध्ययन कर आगरा में उन्हीं मानकों के अनुरूप तैयारियों को अन्तिम रूप देगी।

बैठक में जी-20 देशों के प्रतिनिधिमंडल के आगमन के सम्भावित मार्ग पर स्थित दुकानों के बोर्ड तथा पेंट पर विचार कर तय किया गया कि सभी दुकानदार अपने संस्थान का नाम एक ही रंग व साइज का रखेंगे, जिसकी डिजाइन नगर-निगम द्वारा निर्धारित की जाएगी।

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सौन्दर्यीकरण तथा हॉर्टीकल्चर इत्यादि के कार्यों और अन्य विभिन्न तैयारियों के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से एक टीम बनाकर कोलकाता व उदयपुर भेजकर जी-20 देशों के प्रतिनिधिमण्डल के दौरे हेतु वहां की तैयारियों का अध्ययन कर आगरा में उन्हीं मानकों के अनुरूप तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जायेगा।
- खेरिया ओवर ब्रिज तथा यमुना पर अम्बेडकर पुल की मरम्मत, फुटपाथ, सौन्दर्यीकरण, रेलिंग इत्यादि कार्य हेतु सम्बन्धित विभागों से दी गई टाइम लाइन के अन्दर रूट डाइवर्ट कर शिफ्ट में कार्य कराने को निर्देशित किया गया।



# मेरठ नगर निगम ने शुरू किया 'सिटीजन एप'

**मेरठ** नगर निगम की तरफ से 'सिटीजन एप' लांच किया। नगर आयुक्त डा. अमित पाल शर्मा ने बताया कि इस एप से बड़ा लाभ यह होगा कि लोग अब घर बैठे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन कर सकेंगे। उन्हें इसके लिए नगर निगम जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने पर इसे डाउनलोड भी किया जा सकेगा। आवेदन के वक्त सभी दस्तावेज और फोटो भी अपलोड कर सकेंगे।कूड़ा न उठे तो करें शिकायतएप के माध्यम से शहर के नागरिक कूड़ा न उठने, पीने का पानी बाधित होने, सीवर समस्या, सफाई न होने की शिकायत कर सकेंगे। शिकायत संबंधित फोटो भी अपलोड किए जा सकेंगे। इनका त्वरित निस्तारण किया जाएगा। एप सभी सफाई कर्मचारियों, सफाई सुपरवाइजर, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी के मोबाइल पर मौजूद रहेगा। शिकायतें अपलोड होते ही उन तक पहुंचेंगी। एप ऐसे करें डाउनलोडगूगल प्ले स्टोर पर जाकर मेरठ सिटीजन व मेरठ नगर निगम एप सर्च कर डाउनलोड कर सकते हैं। इसे ओपेन करने पर रजिस्टर बटन पर जाकर रजिस्ट्रेशन करना होगा। ओटीपी मिलेगा। ओटीपी कंफर्म करने पर एप के सारे टूल खुल जाएंगे।यह मिलेंगी सुविधाएंडोर टू डोर कूड़ा न उठने की शिकायत कर सकते हैं।बर्थ सर्टिफिकेटजन्म प्रमाण पत्र का आवेदन यहां कर सकते हैं।डेथ सर्टिफिकेटमृत्यु प्रमाण पत्र का आवदेन कर सकते हैं।सुझाव देने के लिए इसका उपयोग कर सकते हैं। अबाउट नगर निगम: निगम के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।हेल्पलाइन: दो हेल्पलाइन नंबर यहां से प्राप्त कर सकते हैं।

# नगर निगम मुरादाबाद ने लगाए 'इमरजेंसी कॉल बॉक्स'

**इमरजेंसी काल बॉक्स के जरिए लोग अपनी शिकायतों का करा सकेंगे निस्तारण**

**उत्तर प्रदेश** के मुरादाबाद में स्मार्ट सिटी के तहत मुरादाबाद को स्मार्ट बनाने की पहल लगातार जारी है। तरह-तरह के विकास नगर निगम द्वारा किए जा रहे हैं। वहीं, मुरादाबाद में लोगों की परेशानियों को देखते हुए नगर निगम द्वारा कई जगहों पर इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाए गए हैं। इस बॉक्स के जरिए लोग अपनी समस्याओं को सीधे कंट्रोल रुम तक पहुंचा सकेंगे। जहां से उनकी संबंधित समस्या की जानकारी संबंधित अधिकारी को देकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

मुरादाबाद नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि शहरी क्षेत्रों में इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाए गए है। किसी भी विकट परिस्थिति में लोगों को यह बॉक्स सुविधा पहुंचाएगी। इस इमरजेंसी कॉल बॉक्स में एक बटन लगा है। इस बटन के दबाने के बाद एक मैसेज कंट्रोल रुम में पहुंचेगा। इसके आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा. यह बॉक्स पूरी तरह से इलेक्ट्रोनिक हैं और इनमे कैमरे भी लगे हैं।



स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 | G20

# नगर की खबर

## सम्मिलित प्रयासों से बदल रही यूपी की तस्वीर



नगर निगम बरेली



नगर निगम आगरा



नगर पालिका कोसी



नगर निगम झांसी



नगर पालिका परिषद कन्नौज



नगर पंचायत मगहर, सन्तकबीरनगर



नगर निगम सहारनपुर



नगर निगम अलीगढ़



नगर पालिका परिषद, मऊ



नगर पालिका परिषद, पुखरायां



नगर निगम बरेली



नगर पालिका परिषद अकबरपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 | G20

# नगर की खबर











## स्वच्छ विरासत अभियान से फैलेगी स्वच्छता की सुगंध

**प्रदेश** में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी नगरीय निकायों में 'स्वच्छ विरासत' अभियान की राज्य स्तरीय शुरूआत आज लखनऊ के चौक स्थित घंटाघर पर पतंग महोत्सव का आयोजन कर की गई। नगर विकास विभाग द्वारा स्वच्छ विरासत अभियान 14 से 24 जनवरी, 2023 तक प्रदेश के चिन्हित 75 विरासत व ऐतिहासिक स्थलों पर चलाए जाएगा और इन स्थलों की साफ-सफाई व सुंदरीकरण कर स्वच्छ धरोहर के रूप में स्थापित किया जाएगा, जिससे देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को यहां का सौंदर्य बोध हो सके।

**नगरीय** निकाय निदेशक श्रीमती नेहा शर्मा ने श्स्वच्छ विरासतश् अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि मकर संक्रांति के दिन पतंग महोत्सव से शुरू किया गया यह 10 दिवसीय अभियान 14 से 24 जनवरी तक ऐतिहासिक स्थलों की साफ सफाई के लिए चलाए जाएगा। इस दौरान 21 जनवरी को 'रन फॉर जी-20' का आयोजन किया जाएगा और 24 जनवरी को यूपी स्थापना दिवस पर गो पूजन के साथ इस अभियान का समापन किया जाएगा। इस दौरान घाटों व तालाबों की साफ-सफाई और सुंदरीकरण किया जाएगा। विरासत स्थल वाले मार्गों को व्यवस्थित करना, यहां के रेड और येलो स्पॉट की सफाई, नीला और हरा डस्टबिन की उपलब्धता कराना, यहां पर शौचालयों व मूत्रालयों की सुविधा और साफ-सफाई के साथ इन स्थानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के पूर्ण प्रतिबंध को भी सुनिश्चित कराया जाएगा।

**उन्होंने** कहा कि आगामी माह में प्रदेश के विभिन्न शहरों में वैश्विक गतिविधियां होने जा रहे हैं, जिसके लिए हमें अभी से तैयार रहना होगा। प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों के रखरखाव के लिए हम सभी को जिम्मेदारी के साथ आगे आना होगा। हमें अवसर मिला है अपनी वैश्विक पहचान बनाने का, जिसे जनभागीदारी से ही पूर्ण किया जा सकता है। उन्होंने आम लोगों से स्वच्छ विरासत अभियान से जुड़ने की अपील की।

## स्वच्छ ढाबा अभियान से यूपी होगा साफ-सुंदर

**स्वच्छ भारत मिशन** नगरीय 2.0 के तहत यूपी को स्वच्छ बनाने के लिए नगर विकास विभाग द्वारा स्वच्छ ढाबा अभियान की शुरूआत निदेशक स्थानीय निकाय श्रीमती नेहा शर्मा के दिशा-निर्देशन में गुरूवार को की गई। निदेशक ने वर्चुअल बैठक के जरिए निकाय के अधिकारियों को इस अभियान से ज्यादा से ज्यादा जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निदेशक, स्थानीय निकाय, श्रीमती नेहा शर्मा ने कहा कि शासन के निर्देश पर प्रदेश के सभी 762 निकायों में स्वच्छ भारत 12 जनवरी तक चलने वाले स्वच्छ ढाबा अभियान की शुरूआत गुरूवार को की गई। इस अभियान के तहत मुख्य मार्गों पर संचालित ढाबा अथवा रेस्टोरेंट से प्रतिदिन भारी मात्रा में निकलने वाले अपशिष्ट को वैज्ञानिक विधि से स्वत: निस्तारित करने के प्रति प्रेरित किया जाएगा। निकायों में संचालित ढाबों अथवा रेस्टोरेंटों का निरीक्षण एक विशेष टीम द्वारा किया जाएगा। जिसके बाद रेटिंग के आधार पर प्रतिष्ठानों को पुरस्कृत किया जाएगा।

**उन्होंने** नगर निगमों के नगर आयुक्तों, नगर पलिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिशाषी अधिकारियों को इस अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ढाबा अभियान के जरिए एक ओर जहां ढाबों में स्वच्छता सुनिश्चित होगी वहीं, इन ढाबों अथवा रेस्टोरेंटों पर भारी संख्या में पहुंचने वाले राहगीर भी स्वच्छता के प्रति जागरूक होंगे। स्वच्छ ढाबा अभियान उत्तर प्रदेश के आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में मील का पत्थर साबित होगा।


















एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ सर्वेक्षण 2023
G20 भारत 2023 INDIA

# नगर की खबर

## जी-20: उत्तर प्रदेश में होंगी 11 बैठकें

**प्रमुख सचिव**, नगर विकास विभाग श्री अमृत अभिजात की अध्यक्षता में जी-20 सम्मेलन के प्रदेश में व्यापक प्रचार प्रसार एवं जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु RUN FOR G20 की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। प्रमुख सचिव श्री अमृत अभिजात ने बताया कि जी-20 सम्मेलन के अन्तर्गत भारत राष्ट्र की अध्यक्षता में 200 से अधिक बैठकें होंगी, जिसमें उत्तर प्रदेश में विभिन्न तिथियों में कुल 11 बैठकों का आयोजन लखनऊ, आगरा, वाराणसी एवं ग्रेटर नोएडा में होना प्रस्तावित है। जी-20 के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए चारों शहरों में RUN FOR G20 का आयोजन आगामी 21 जनवरी 2023 को किया जाएगा। प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग श्री अमृत अभिजात की अध्यक्षता में नगरीय निकाय निदेशालय के पंचम तल स्थित सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सचिव नगर विकास विभाग श्री रंजन कुमार, विशेष सचिव श्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह, निदेशक नगरीय निकाय श्रीमती नेहा शर्मा के साथ मंडलायुक्त लखनऊ डॉ. रोशन जैकब, जिलाधिकारी लखनऊ श्री सूर्य पाल गंगवार समेत खेल निदेशक, क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी अन्य अधिकारीगण शामिल हुए। प्रमुख सचिव नगर विकास श्री अमृत अभिजात ने इस पूरे आयोजन में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि RUN FOR G20 के द्वारा उभरते भारत की तस्वीर पेश की जाएगी। जिसमें, इन्वेस्टर्स समिट, भारत के विकास की कहानी, बढ़ती आर्थिक ताकत, भारत वैश्विक पहचान और स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) जैसी उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा। प्रमुख सचिव नगर विकास श्री अमृत अभिजात ने शहरों को साफ-सुथरा बनाने, प्रकाश व्यवस्था के साथ ही इस मुहिम में लोगों को जोड़ने की बात कही।राज्य मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) उत्तर प्रदेश, श्रीमती नेहा शर्मा ने कहा कि नगरीय व्यवस्था को वैश्विक स्टैंडर्ड का बनाने के लिए सभी शहरों में यूपी जी सिटीज अभियान की शुरुआत की गई है। रन फॉर जी-20 को स्वच्छ विरासत अभियान से जोड़ा गया है।












## लोगों का सहारा बनी 'नेकी की दीवार'

**स्वच्छ** भारत मिशन (नगरीय) उत्तर प्रदेश के अंतर्गत नगर पालिका परिषद अकबरपुर ने नगर वासियों के लिए एक अनूठी पहल की है। जिसको नेकी का घर/नेकी की दीवार/जरूरतमंदों का सहारा, इत्यादि के नाम से जाना जाता है। नगर पालिका परिषद अकबरपुर की अधिशासी अधिकारी बीना सिंह के निर्देशानुसार शहजाद पुर के फव्वारा तिराहे के पास नेकी का घर बनाया गया है। इसका उद्घाटन अधिशासी अधिकारी बीना सिंह तथा नगर पालिका परिषद अकबरपुर की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. प्रतिमा यादव द्वारा किया गया। नेकी के घर का कांसेप्ट यह है कि, जिस किसी के भी पास ज्यादा मात्रा में कपड़े, रजाई,गद्दा,कंबल इत्यादि हो, वह इस नेकी के घर में आकर रखेगा और जिसके पास कम हो, वह यहां से आकर ले लेगा। नगर पालिका परिषद अकबरपुर की अधिशासी अधिकारी बीना सिंह ने कहा कि इससे जरूरतमंद लोगों को आवश्यकतानुसार कपड़े उपलब्ध हो जाएंगे। इस अवसर पर जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन सत्य प्रकाश मिश्र, जिला कार्यक्रम प्रबंधक हृदयानंद यादव, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी जसवंत यादव, लिपिक बृजेंद्र स्वछता टीम लीडर आशीष शुक्ला , नगर पालिका परिषद अकबरपुर के समस्त कर्मचारी, एवं समस्त सफाई नायक उपस्थित रहे।

**नगर** पालिका परिषद मऊ ने भी नेकी का घर/नेकी की दीवार/जरूरतमंदों का सहारा स्थापित किया गया। नगर पालिका ने शहर के गरीबों को सर्दी से बचाने के लिए इस नेकी की दीवार को शुरू करने का बीड़ा उठाया। यहां जरूरतमंदों को कंबल, रजाई और साथ में पहनने वाले गरम कपड़े उपलब्ध हो पाएंगे। यहां जिन शहरवासियों के पास ज्यादा मात्रा में गरम कपड़े इत्यादि हैं वह यहां लाएंगे और जरूरतमंद यहां से अपनी जरूरत के हिसाब से कपड़े ले जाएंगे। नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन, मऊ ने कपड़ों के अतिरिक्त अन्य वस्तुओं को भी नेकी की दीवार में शामिल करने की पहल की है। इसमें बच्चों के पढ़ने के लिए किताबें जिसे श्रेष्ठदान और बीमार लोगों के लिए औषधि को जीवनदान का नाम दिया है।

## प्रदेश के नगरीय निकायों में जीरो वेस्ट इवेंट को मिला प्रोत्साहन

**स्वच्छ** भारत मिशन (नगरीय) उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों में जीरो वेस्ट इवेंट को प्रोत्साहित किया गया। इसका नतीजा है कि अब प्रदेश भर के नगरीय निकायों में सार्वजनिक कार्यक्रमों को जीरो वेस्ट इवेंट के तर्ज पर आयोजित किया जा रहा है। इन आयोजनों में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक जैसी उत्पादों के इस्तेमाल को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया। प्लास्टिक की थैली के स्थान पर कपड़े का बैग, प्लास्टिक की प्लेट के स्थान पर दोना पत्तल, स्टील की प्लेट जैसी विकल्पों को प्रोत्साहित किया गया। सार्वजनिक कार्यक्रमों में विशेष इंतजाम कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर गोरखपुर स्थित विश्व प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी मेला पर नगर निगम गोरखपुर द्वारा जीरो वेस्ट इवेंट के तौर पर संपन्न कराया गया है। नगर निगम ने मेला क्षेत्र जगह-जगह पर डस्टबिन रखवाने के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े का थैला इस्तेमाल के लिए उपलब्ध करवाया। नगर निगम झांसी, हापुड़ समेत दूसरे निकायों में भी इसी तर्ज पर आयोजन किए गए।

**नगर** पालिका परिषद हापुड़ द्वारा सामुहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 को दृष्टिगत रखते हुए क्रोकरी, डिस्पोजल प्रयोग न करके जीरो वेस्ट तकनीकी पद्धति अपनायी गयी।

गर पालिका परिषद अतरौली, अलीगढ़ ने विकेन्द्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सामुदायिक कम्पोस्टर की अवधारणा को साकार करने के लिए जीरो वेस्ट इवेंट आयोजित किया गया। वहीं, खिचड़ी भोज में कूड़ा प्रबंधन की जानकारी दी गई।








# नगर निकायों में शुरू हुई 'बेकार को दें आकार' की पहल



नगर निकाय द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ विरासत, स्वच्छ ढाबा अभियान चला रही है। इसी कड़ी में प्रदेश की आबो हवा को उच्च गुणवत्ता वाली रखने के लिए सड़क, गली, मोहल्लों और बाजारों में पड़ी बेकार की वस्तुओं का बेहतर इस्तेमाल करके पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की पहल की जा रही है। पर्यावरण पर बोझ बढ़ाने वाली कचरे समेत अन्य निष्प्रयोज्य वस्तुओं के पुन: उपयोग का नायाब उदाहरण नगर निकायों द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। इन निष्प्रयोज्य वस्तुओं से कई निकायों ने जहां एक तरफ शहर को खूबसूरत बनाने का काम किया है तो दूसरी तरफ एतिहासिक स्थलों को संजोने का भी प्रयास किया जा रहा है। बेकार को आकार अभियान में नगर निगम गोरखपुर, नगर निगम झाँसी और नगर पालिका परिषद अकबरपुर, अम्बेडकर नगर ने भी कुछ अनोखी पहल की है। जो शहर में अपनी सुंदरता से चार चांद लगा रहे हैं।

















## स्वच्छता भारत मिशन में जनभागीदारी





# नगर की खबर

## समृद्धि-उन्नति की मंगल कामना



**माघ मेला** की तैयारियों का जायजा लेने प्रयागराज पहुंचे माननीय मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी ने मां गंगा के दर्शन पूजन के उपरांत गंगाघाट स्थित लेटे हनुमान जी की पूजा-अर्चना की और माघ मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की मनोकामना की पूर्ति की प्रार्थना भी की। उन्होंने प्रयागराज के कुम्भ मेले को विश्वस्तरीय बनाए जाने में जनमानस से सहयोग की अपील भी की।













**बर्फीली हवा...ठंडा पानी और कर्तव्य पथ...**

जब कर्तव्य प्राथमिकता पर हो तो फिर चाहे कितनी बाधाएं आएं सब छूमंतर हो जाती हैं। ये तस्वीर इसकी बानगी है। रावतपुर स्टेशन से कंपनी बाग चौराहा रोड पर सीएसए के प्रवेश द्वार के पास जलकल विभाग की पाइप लाइन के टूटे वाल्व को ठीक करने के लिए कर्मचारी रामजीत भीषण सर्दी में भी पानी के बीच जाकर काम करने में नहीं ठिठके। उन्हें जिसने भी देखा खूब सराहा ● संजय यादव

### आगामी कार्यक्रम

1. 21 जनवरी को 'रन फॉर जी20' का आयोजन
2. 24 जनवरी को स्वच्छ विरासत अभियान का यूपी दिवस और गौ पूजन के साथ समापन

## स्वच्छ प्रयास